झारखण्ड सरकार

झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

पत्रांक :– रा0खा0आ0 (शि0)–website–16 / 2022–537

प्रेषक,

संजय कुमार
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

सेवा में,

सभी अपर समाहर्त्ता–सह–
जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी,
झारखण्ड।

राँची, दिनांकः– 22.06.2022

विषयः– **राज्य खाद्य आयोग के वेबसाइट पर ऑनलाईन दर्ज शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया के सम्बन्ध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में निदेशानुसार कहना है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित शिकायतें सुगमतापूर्वक प्राप्त करने एवं इन पर त्वरित कार्रवाई किये जाने के उद्देश्य से झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग द्वारा आयोग के वेबसाईट www.jharkhandsfc.in पर शिकायत दर्ज करने की सुविधा आमजनों को प्रदान की गई है। आयोग के वेबसाईट पर दर्ज होने वाली शिकायतों का अपर समाहर्त्ता–सह–जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी स्तर पर निराकरण एवं निष्पादन हेतु सभी अपर समाहर्त्ता–सह–जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी का अलग–अलग Login भी बनाया गया है, जिसका Username एवं Password पूर्व में सभी अपर समाहर्त्ता–सह–जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी को प्रेषित की जा चुकी है। वेबसाईट पर ऑनलाईन दर्ज होने वाली शिकायतों के त्वरित एवं सफलतापूर्वक निवारण हेतु इससे सम्बन्धित पूर्ण प्रक्रिया इस पत्र के साथ संलग्न है।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए आयोग के वेबसाईट पर ऑनलाईन दर्ज होने वाले शिकायतों का समुचित रूप से ससमय निस्तारण करने की कृपा की जाय। इस कार्य हेतु किसी प्रकार की तकनीकि समस्या होने पर आयोग के प्रोग्रामर, श्री संदीप कुमार से मोबाईल नं0–9708561587 पर संपर्क किया जा सकता है।

अनुलग्नकः– यथोक्त।

विश्वासभाजन

22/6/22

(संजय कुमार)
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

ज्ञापांक– रा0खा0आ0 (शि0)–website–16 / 2022– 537 राँची, दिनांक–22.06.2022

प्रतिलिपिः– सभी उपायुक्त, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेशानुसार अनुरोध है कि विषयांकित मामले में जिले के अपर समाहर्त्ता–सह–जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी को अपने स्तर से भी निदेशित करने की कृपा की जाय।

22/6/22

(संजय कुमार)
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

E:\Ziyaul\Vinod Sir\Letter.docx144

ज्ञापांक– रा0खा0आ0 (शि0)–website–16 / 2022–537 राँची, दिनांक– 22.06.2022

प्रतिलिपिः– सचिव, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड, राँची को निदेशानुसार सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

(संजय कुमार)
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

E:\Ziyaul\Vinod Sir\Letter.docx145

पता–झारखण्ड राज्य आवास बोर्ड के पुराने भवन का द्वितीय तल, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, राँची–834002
email-jharfoodcommission@gmail.com, Ph. No:-06512252267/2252261